## संक्षिप्त

### बदमाशों ने महिला की चेन छीनी

**उदयपुर,**(कासं)। छाछ लेने आए बदमाश महिला के गले से सोने की चेन छिन ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता चम्पादेवी पत्नी नाथूलाल पटेल निवासी सुवेरी खेरवाड़ा के गले से बदमाश सोने की चेन छिन ले गए। 7 अप्रेल दोपहर में बाइक पर तीन बदमाश आए जिनमें से एक ने हेलमेट पहना था। एक बदमाश ने चम्पादेवी से छाछ मांगी। इस पर उसने छाछ नहीं होने की बात कही तो पानी पीने के लिए मांगा। इसी दौरान बदमाश चम्पा के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन छिन कर साथियों के साथ बाइक पर फरार हो गया।चिल्लाने की आवाज सूनकर ग्रामीणों के आने तक बदमाश फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर खेरवाड़ा थानाधिकारी करनाराम मय टीम ने मौके पर पहुंच कर मिले साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की। प्रकरण की जांच एएसआई गोविन्दसिंह कर रहे हैं।

### जागरूकता शिविर आयोजित

**कपासन,** (निसं)। निष्ठा पाण्डे अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन द्वारा स्थित भवानी शंकर नंदवाना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कपासन में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में संचालित ट्रांसफॉर्मेटिव ट्ययूजडे अभियान के अंतर्गत साइबर क्राइम विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। विद्यालय में बालिकाओं को संबोधित करते हुए साइबर अपराधों के प्रकार, उनके दुष्परिणाम एवं उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचने तथा व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखने पर जोर दिया।

### चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने रात के समय घर में घुस कर चोरी की वारदात करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया। प्रकरण के अनुसार डुलावतों को गुडा राव मादड़ा गोगुन्दा निवासी किशनसिंह पुत्र अम्बाव सिंह ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 13 फरवरी रात में सात आठ बदमाश मेरे घर में घुसे। इसका पता चलने पर जाग होने दरवाजा खोला तो बदमाशों ने लठ्ठ व सरिये से मुझ पर हमला कर दिया। इस पर चिल्लाने पर जाग होने पर पत्नी बाहर आई तो बदमाश उसके गले से सोने का मादलिया, कान के आभूषण लूटने का प्रयास किया। परिजनों के आने पर बदमाश फरार हो गए।

### हत्या करने वाले पांच गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। शादी समारोह से घर लौटते समय युवक की हत्या करने के मामले में पांच आरोपियों को पाटिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार शिवशंकर पुत्र लालजी निवासी गमेती फला खेड़ाघाटी ने रिपोर्ट दी कि 30 मार्च रात में मेरा बडा भाई निलेश पुत्र लालजी गमेती फलाघाटी में शादी समारोह से घर लौट रहा था। इस दौरान अलिन, जेपिन, बद्रीनाथ, प्रदीप, जगदीश व हितेश ने धारदार हथियार से हमला कर निलेश की हत्या कर दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में पाटिया थानाधिकारी देवेन्द्रसिंहराव मय टीम ने मामले में बद्रीप्रसाद पुत्र सुखलाल, जेपिन पुत्र सुखलाल, प्रदीपक पुत्र सुखलाल, हितेश पुत्र वालजी, जगदीश पुत्र अमरा निवासी गमेती फला खेड़ा घाटी को गिरफ्तार किया।

### चरस सहित एक आरोपी दबोचा

**उदयपुर,**(कासं)। सविना थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चरस बरामद की। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी गजवीरसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अरशद हुसैन पुत्र रियासत हुसैन निवासी चमनगंज कानपुर युपी हॉल कब्रिस्तान आर के पूरम सविना को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 79.6 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

# 'पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प व चक्रीय अर्थव्यवस्था जरूरी'

- पर्यावरणीय बदलाव के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी माध्यम : सीओ डॉ. रामभुज
- अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में पर्यावरणीय चुनौतियों पर मंथन




उदयपुर में राजस्थान विद्यापीठ में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का समापन हुआ।

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के शिक्षा संकाय लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं सर्व विद्यालय केलवानी मंडल, काडी (गांधीनगर, गुजरात) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एनवायरमेंटल अवेयरनेस फ्रॉम नॉलेज टू एक्शन पर्यावरणीय जागरूकता – ज्ञान से क्रिया तक विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय सेमीनार में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि विकास के साथ-साथ कई नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव भी तेजी से सामने आ रहे हैं। इन चुनौतियों को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने देश और मानवता के अस्तित्व की रक्षा के लिए सभी को संकल्प लेकर कार्य करने का आव्हान किया। साथ ही, अरावली और पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों व अनुशंसाओं को आमजन तक पहुंचाकर कॉन्फ्रेंस की सार्थकता सिद्ध करने को सभी का दायित्व बताया। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि निरंतर प्रयासों से ही लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है। उन्होंने चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकॉनमी) को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि विकास के लिए स्वार्थ छोड़कर 'सर्वहिताय' की भावना अपनानी होगी और प्रकृति के संसाधनों का संयमित उपयोग करना सीखना होगा।

डॉ. रामभुज सीईओ,मोबियस फाउंडेशन ने कॉन्फ्रेंस की अनुशंसाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वास्तविक परिवर्तन के लिए मजबूत पर्यावरणीय नीति की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण जागरूकता से जुड़े विषयों में शिक्षा एक महत्वपूर्ण हथियार के रूप में कार्य कर सकती है।

उन्होंने मूल्य आधारित शिक्षा और ज्ञान तंत्र की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए राजस्थान में जल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। साथ ही, उन्होंने सभ्यता और संस्कृति के संरक्षण तथा क्रिएटिव एंड कल्चरल इकॉनमी के महत्व को भी रेखांकित किया और बताया कि कई देश इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। रामभुज जी ने कहा कि सभी उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षा के लक्ष्यों को हासिल करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा ही सतत और सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकती है।विशिष्ट अतिथि कृषि सलाहकार प्रो. आईजे माथुर ने कहा कि कृषि और प्रदूषण का सीधा संबंध बन गया है तथा रासायनिक उर्वरकों का उपयोग जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कार्बन क्रेडिट के महत्व और बायोचार जैसे उपायों की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।उन्होंने स्कूली स्तर से ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संस्कार विकसित करने पर जोर देते हुए पारंपरिक कृषि पद्धतियों से नई पीढ़ी को जोड़ने की बात कही।

डॉ. रचना राठौड ने दो दिवसीय सेमीनार की रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. कुसुम यादव, डॉ. हेमेन्द्र सोनी ने सेमीनार के अपने अनुभवों को साझा किया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए कड़ी सर्वा विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय की डीन प्रो. वीणा पटेल ने एनवायरमेंटल अवेयरनेस को नॉलेज से एक्शन में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया तथा वैश्विक चुनौतियों के समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

## दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस आज से

**उदयपुर,** (कासं)। पैसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी , उदयपुर के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटर साइंस द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड इनोवेशंस का आयोजन गुरूवार से होगा। यह दो दिवसीय सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित होगा।

सम्मेलन का मुख्य विषय सस्टेनेबल डेवलपमेंट इन एडवांस्ड टेक्नोलॉजी रखा गया है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी, मैटेरियल साइंस तथा क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे आधुनिक क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश-विदेश के शोधकर्ता अपने नवीनतम शोध प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हेमंत कोठारी तथा सम्मेलन चेयरमैन प्रो. दिलेन्द्र हिरण का मार्गदर्शन रहेगा। आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन में 150 से अधिक शोध-पत्र (रिसर्च पेपर) प्रस्तुत किए जाएंगे,जिनमें शोधार्थी, शिक्षाविद् एवं उद्योग विशेषज्ञ भाग लेंगे। सम्मेलन में प्लेनरी टॉक्स, ओरल प्रेजेंटेशन एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन जैसे विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए बेस्ट पेपर, बेस्ट पोस्टर, यंग साइंटिस्ट एवं सीनियर साइंटिस्ट अवॉर्ड भी प्रदान किए जाएंगे। यह सम्मेलन विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर नवीन तकनीकी नवाचारों एवं वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा।

## समीक्षा बैठक आयोजित

**डूंगरपुर,** (निसं)। पंच गौरव में जिले में चयनित क्षेत्रों में पूर्व में किये जा रहें कार्यो से ओर अधिक बेहतर दिषा में कार्य करते हुए इस वर्ष योजनाबद्ध तरीके से प्रस्ताव तैयार करें। यह निर्देश जिला कलक्टर देशलदान ने बुधवार को पंच गौरव के तहत एक जिला-एक खेल, एक जिला-एक उद्योग, एक जिला-एक उपज, एक जिला-एक पर्यटन स्थल एवं एक जिला-एक वनस्पति के तहत जिला डूंगरपुर में चल रहें कार्यो की समीक्षा बैठक में दिये।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता

**उदयपुर,** (कासं)। वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, साईं तिरुपति यूनिवर्सिटी, उदयपुर में क्या स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटलीकरण लैंगिक असमानताओं को बढ़ा रहा है? विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जेंडर चैंपियन समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जो इस वर्ष की थीम टुगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विथ साइंस पर आधारित था।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पक्ष एवं विपक्ष में विचार प्रस्तुत किए, जिनमें डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, समानता एवं लैंगिक असमानताओं से जुडे मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। प्रतियोगिता में पाँच-पाँच प्रतिभागियों वाली दो टीमों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. दिलीप कुमार एल, डॉ. एल. एन. मीणा, डॉ. अश्विनी खैरकर एवं डॉ. नीलिमा गोयल शामिल रहे, जिन्होंने निष्पक्ष मूल्यांकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की क्विज़ प्रतियोगिता में भी सक्रिय भागीदारी की।


**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री राम मार्बल एंड माइनिंग , जो कि मातो श्री , स्टेशन रोड कांकरोली जिला राजसमंद पर स्थित है, की साझेदारी में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं:

श्री सुभाष चंद्र पूर्बिया ने दिनांक 28.03.2026 से स्वेच्छा से फर्म से सेवानिवृत हुए है। अब वे फर्म के कार्यों या देनदारियों के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। श्रीमती पुष्पा पूर्बिया निवासी: मातो श्री, स्टेशन रोड कांकरोली जिला राजसमंद ने दिनांक 28.03.2026 से फर्म में एक नए साझेदार के रूप में शामिल हुए हैं। अब फर्म के अधिकृत साझेदार श्री सत्यनारायण पूर्बिया और श्री मति पुष्पा पूर्बिया होंगे। इस सूचना के प्रकाशन के पश्चात, यदि कोई भी फर्म के नाम पर पूर्व पार्टनर श्री सुभाष चंद्र पूर्बिया के साथ कोई लेनदेन करता है, तो फर्म इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगी। साझेदारी संशोधन से किसी भी व्यक्ति को कोई ऐतराज हो तो वह 7 दिवस के भीतर सूचित करे।

दिनांक: 07.04.2026
स्थान: राजसमंद
फर्म का नाम: श्री राम मार्बल एंड माइनिंग
अधिवक्ता : हीरालाल पूर्बिया



**आम सूचना/PUBLIC NOTICE(संक्षिप्त)**

यह सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय श्री चुन्नीलाल कुमावत जी (मृत्यु दिनांक: 17/08/1999) एवं उनके पुत्र स्वर्गीय श्री दयाशंकर कुमावत जी (मृत्यु दिनांक: 19/07/2009) के नाम से स्थित संपत्ति (29, कर्मशील मार्ग, आउटसाइड चांदपोल, गिर्वा, उदयपुर, राजस्थान-313001) है।

स्वर्गीय श्री दयाशंकर कुमावत जी की संतानें चिरंजीव कुमावत, परमेन्द्र कुमावत एवं कोमल कुमावत को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है। उक्त संपत्ति का रजिस्ट्रेशन श्रीमती सुषिला कुमावत के नाम किया जाना प्रस्तावित है।

यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर प्रमाण सहित नीचे दिए पते पर प्रस्तुत करें, अन्यथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना जारीकर्ता:
नाम: Chinmay Jain ( अधिवक्ता )
पता:203, Manokamna Complex, Sector 11, Udaipur, Rajasthan
मोबाइल: +91 7339712247


## शिक्षकों ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने बुधवार को सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हजारों शिक्षकों की मांगों पर ध्यान देने का आग्रह किया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह चौहान, जिलाध्यक्ष कमलेश शर्मा व अरविंद मीणा के नेतृत्व में शिक्षकों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से रखा। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में हजारों शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया हुआ है, साथ ही विद्यालय में हजारों शिक्षकों, व्याख्याताओं व प्रधानाचार्यों के पद रिक्त चल रहे हैं। विद्यालय के भवन जर्जर स्थिति में है। अत: शिक्षा की गुणवत्ता समय बढाने से नहीं बल्कि विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार,पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति और आवश्यक संसाधनों के विकास से ही सुनिश्चित की जा सकती है। ग्रीष्मावकाश में कटौती का विभाग का निर्णय प्रदेश की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों के प्रतिकूल है और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। 21 जून से 30 जून के बीच राजस्थान के अधिकांश जिलों में तापमान 45 से 50 डिग्री रहता है व तेज लू चलती है जो विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रतिकूल है।ग्रीष्मावकाश में कटौती व प्रधानाचार्य अधिकृत अवकाश को कम करने सहित वर्षो से लंबित समस्याओं को लेकर संपूर्ण शिक्षक वर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है।

संगठन ने राज्य सरकार से 21 जून से विद्यालय खोलने के आदेश को प्रत्याहरित करते हुए शिविरा पंचांग को पुनः संशोधित कर पूर्व की भांति एक जुलाई से विद्यालय संचालन प्रारंभ करने सहित सात सूत्रीय मांग पर शीघ्र समाधान की मांग की। संगठन ने चेताया कि यदि उक्त मांगों पर सरकार द्वारा संवेदनशील रवैया अपनाते हुए विचार नहीं किया गया तो संगठन को मजबूरन आंदोलन के लिए विवश होकर 17 मई को प्रदेश की राजधानी जयपुर में धरना प्रदर्शन करने पर विवश होना पडेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार की होगी।

## उदयपुर-झाडोल हाईवे पर आए दिन हो रही पथराव व लूटपाट की घटनाएं

- बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे पुलिसकर्मियों पर भी हमला करने से नहीं डरते

**उदयपुर,**(कासं)।जिले के आदिवासी बाहुल्य उदयपुर.झाडोल हाईवे 58.ई से गुजरना अब राहगिरो के लिए सुरक्षित नही रहा है अभी तक तो इस हाईवे पर अक्सर राहगीरों पर पथराव, तलवार. चाकू से हमला और लूटपाट की घटनाएं हो रही थीं, लेकिन अब बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे पुलिसकर्मियों पर भी हमला करने से नहीं डरते हैं। बीती रात तो बदमाशों ने बाघपुरा थाना पुलिस की टीम पर ही हमला कर तीन पुलिसकर्मियों को घायल कर एक चुनौती दे दी है ।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात रणघाटी.बारी क्षेत्र में लुटपाट की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी इसी दौरान पुलिस पर हमला हो गया। हालांकि दो बदमाशों को पुलिस ने पकड लिया, जबकि एक बदमाश मौके से भाग गया। इस हाइवे पर नाई थाना,बाघपुरा थाना और झाडोल थाना पुलिस की सीमा मिलती है। ऐसे में कहीं न कहीं बदमाश तीन थाना पुलिस को रोज चुनौती दे रहे है।

आपको बतादें कि उदयपुर. झाडोल रोड वर्षा तक सिंगल रोड होकर विकट घाट, तीव्र ढलान और मोड वाला रोड रहा। लंबी मांग के बाद भारत सरकार के सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस रोड को हाइवे बनाया। हाइवे बनने के बाद आवागमन सुविधाजनक हुआ लेकिन शाम ढलने के बाद दिन.ब.दिन इसी हाईवे पर वाहनों पर पथरावए लोगों के साथ मारपीट, लूटपाट की घटनाएं शुरू हो गई और मौजूदा स्थिति में अब उदयपुर.झाडोल हाइवे एक तरह से आतंक का पर्याय बन चुका है। आए दिन बदमाश संगठित होकर अपराध किए जा रहे है।इस हाइवे पर खासकर खेरिया घाटा,रणघाटी व पालिया खेडा बस स्टैंड के आसपास का क्षेत्र वाहन चालकों के साथ मारपीट, लूटपाट के बडे अड्डे बन गए है। खेरिया घाटा व रणघाटी में अभी भी हाइवे का काम नहीं होने से वाहन चालक अभी भी विकट घाट और तीव्र ढलान.मोड वाले रोड से ही गुजर रहने को मजबूर है। घाट सेक्शन, तीव्र ढलान और मोड के चलते यहां वाहन चालक चाहकर भी स्पीड ज्यादा नहीं रख सकते। वाहनों की कम स्पीड और अंधेरे का फायदा उठाकर आए दिन बदमाश वाहन चालकों को निशाना बना रहे है। इन क्षेत्रों में पुलिस की गश्त बढाने और मुखबीर तंत्र मजबूत कर बदमाशों के खिलाफ सख्ती बहुत जरूरी हो गई है।

इस हाइवे पर दिन के समय दूपहिया वाहनों से स्टंट करना आम बात हो चुकी है। चलते ट्रैफिक के बीच इस क्षेत्र के युवाओं द्वारा खतरनाक तरीके से स्टंट करने से कई बार इस रोड से गुजरने वाले दूसरे वाहन चालक हादसे का शिकार होते होते बचे है। पुलिस स्टंट बाजों पर भी सख्ती से अंकुश नहीं लगा पा रही है। स्टंट के चक्कर में कई बार क्षेत्र के युवाओं में झगडा शुरू होकर बाद में आपसी रंजिश में तब्दील हो जाता है। अभी तक क्षेत्र की पुलिस स्टंट बाजों पर भी सख्ती नहीं कर पायी है। जिस तरह की महंगी और लाखों की कीमत वाली बाइक्स से युवाओं की टोलियां यहां स्टंट करती है उन बाइक्स की पडताल कर ली जाए तो संभव है कई गिरोह के खुलासे हो जाएं।

## पीपलखूंट हाई लेवल केनाल परियोजना का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जल संसाधन संभाग के मुख्य अभियंता देवीसिंह बेनीवाल ने पीपलखूंट हाई लेवल केनाल परियोजना का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियंता जितेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि प्रतापगढ़ जिले के पीपलखूंट, धरियावाद व सुहागपुरा तहसील के 24 गांवों के 5127 हैक्टर नॉन कमांड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सृजन करने के लिये माही बांध से पाइप से टामटीया, नलदा, बोरी, मोरवानिया, जेथलीया, कुमारी एवं हझारी गुडा में निर्माणाधीन सात डिग्गीयों में जल अपवर्तन कर पंप व पाइपलाईन नेटवर्क के माध्यम से लिफ्ट कर जल उपलब्ध करवाया जायेगा। परियोजना के अंतर्गत प्रतापगढ़, उदयपुर, राजसमंद एवं चित्तौड़गढ़ जिले के लगभग 2453 गांवों में पेयजल सुविधा उपलब्ध के लिये माही बांध के डूब क्षेत्र में पंप स्टेशन निर्माण कर पाइप के माध्यम से जल को झोलर में निर्माणाधीन इंटर मीडिएट पंपिंग स्टेशन तक लिफ्ट किया जायेगा।

जिसके उपरांत इंटर मीडिएट पंपिंग स्टेशन से पाइप के माध्यम से गांव नकोर में स्थित पीएचइडी के पंप स्टेशन एवं गांव हरमारा की रेल में प्रस्तावित पीएचइडी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर जल का अपवर्तन किया जायेगा।

परियोजना के उत्कृष्ट संचालन के लिये स्काडा सिस्टम तकनीक का उपयोग किया जायेगा ताकि काश्तकारो को आवश्यकतानुसार समयबद्ध तरीके से जल उपलब्ध कराया जा सके। सोलर प्लांट का कार्य प्रगतिरत है जिससे विद्युत खर्च में कमी आएगी। परियोजना अंतर्गत राजस्थान सिंचाई प्रणाली के प्रबन्ध में कृषको की सहभागिता अधिनियम अर्न्तगत परियोजना का कमांड क्षेत्र घोषित किया जा चुका है।

## बदमाशों ने गश्तीदल पर किया पथराव

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर झाड़ोल मार्ग बारी गांव रोड पर बदमाशों ने गश्तीदल पर पथराव कर दिया। जिससे नाई थाने के हेडकांस्टेबल सहित तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 अप्रेल रात में उदयपुर झाड़ोल मार्ग पर पालिया खेड़ा बाईक सवार पई की तरफ जा रहे थे। जिनके साथ लूट की नियत से बदमाश पिछा कर रहे थे। जहां वाघपुरा बारी गांव के समीप हाइवे पर नाई थाने की गश्तीदल की टीम गश्त पर थी। इसको देख बदमाशों ने पथराव कर दिया। जिसके चलते गश्ती दल के हेडकांस्टेबल गिरधारीलाल, कांस्टेबल दिनेश व पप्पुरा चोटिल हो गए। इस दौरान मकान की तरफ भाग कर बदमाशों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। जिससे तीनों पुलिस कर्मी घायल हो गए। इस दौरान पुलिस ने पथराव के बावजूद दो संदग्धिों को दबोचा हैं जिनसे पूछताछ की जा रही है। इधर सूचना मिलने पर वाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम मय टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। उदयपुर झाड़ोल मार्ग रणघाटी, खेरिया घाटा, पालिया खेड़ा क्षैत्र में आए दिन राहगिरों के साथ लूट की वारदात होने की घटनाए होना आम बात हो गई है। हाइवे निर्माण होने के बाद से ऐसी वारदातों की बढोतरी हुई है।


**कार्यालय पंचायत समिति-भीम जिला राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक:ग्राप/लेखा/ई-टेन्डर/2026-27/25 दिनांक:- 06.04.2026

**निविदा सूचना 01/2026-27**

पंचायत समिति भीम के अधीनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त गांवों में सफाई कार्य करवाने लिए नियम 181 के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में राजस्थान GST अधिनियम 2017/GST के अन्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का पूर्ण विवरण, शर्तें www.sppp.rajasthan.gov.in एवं Dowanload कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड से कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

NIB Code- ZRR2627A0009
UBN Code- ZRR2627WSRC00013 to 45

विकास अधिकारी
पंचायत समिति भीम


## 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में मंच पर सिर्फ़ महिलायें

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में मंच पर महिलाओं को बिठाया। बोलीं-'यह कार्यकर्म नारी शक्ति को समर्पिताइसलिए पुरुष भाईयों से आग्रह-हमारा सहयोग करें।' इसके बाद मंच पर बैठे सभी पुरुष नेता सामने बैठ गए और सामने बैठी महिलायें मंच पर। पूर्व सीएम ने इसके लिए पुरुष नेताओं का आभार जताया। भाजपा कार्यालय में पूर्व सीएम ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्देश पर यह कार्यक्रम रखा है,जिसे सर्वोच्च शक्ति की देवी माँ त्रिपुरा सुंदरी की पवित्र भूमि से शुरू किया जा रहा है।नारीशक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के मस्तक पर स्वाभिमान का चन्दन है।इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार।जिनके नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद ने 2023 में मंजूरी दी।इसके माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इसकी क्रियान्वति से महियायें भी देश के भविष्य का फैसला करेंगी।

## चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

- निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने परिसर में 70-80 निजी एंबुलेंस और वाहनों के अनधिकृत पार्किंग की समस्या से अवगत कराया

**उदयपुर,** (कासं)। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने मंगलवार सुबह आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज, उदयपुर से संबद्ध महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय एवं सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, व्यवस्थाओं की पारदर्शिता और समयबद्ध सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने सबसे पहले महाराणा भूपाल चिकित्सालय के आउटडोर (ओपीडी) का निरीक्षण किया। यहां अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को शीघ्र पर्ची उपलब्ध कराने, डॉक्टर से परामर्श, दवा वितरण तथा जांच प्रक्रिया को सरल बनाने की जानकारी दी गई। क्यूआर कोड आधारित जांच रिपोर्ट प्रणाली का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने स्वयं स्कैन कर रिपोर्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया समझी और इसकी सराहना की। मेडिसिन ओपीडी में टोकन व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने वरिष्ठ नागरिक, सर्जरी, नेत्र, ईएनटी और मेडिकल ज्यूरिस्ट विभागों का जायजा लिया। इसके पश्चात सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय में प्लास्टिक सर्जरी एवं एंडोक्रिनोलॉजी विभाग का निरीक्षण कर मरीजों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर कलेक्टर ने आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर, ऑब्जर्वेशन वार्ड, मेडिकल इमरजेंसी, कॉटेज, सीटी स्कैन मशीन, प्लास्टर रूम और वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आरएनटी प्रशासन ने जिला कलक्टर को अवगत कराया कि मेडिकल कॉलेज से जुड़े आठ चिकित्सालयों में प्रतिदिन 8 से 12 हजार मरीज ओपीडी में आते हैं, जबकि लगभग 500 मरीज प्रतिदिन भर्ती होते हैं और 2500 मरीज लगातार भर्ती रहते हैं। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना (माँ योजना) के तहत प्रतिमाह 7 से 9 करोड़ रूपए की आय भी हो रही है। जनाना चिकित्सालय के नए भवन निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने इसे समयबद्ध पूर्ण करने पर जोर दिया। मेरा अस्पताल मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत क्यूआर कोड स्कैन कर शिकायत एवं सुझाव प्रणाली को भी समझा। सेतु प्रणाली के तहत रेफर होकर आने वाले गंभीर मरीजों की रियल टाइम मॉनिटरिंग और अस्पताल पहुंचते ही उपचार शुरू करने की व्यवस्था की जानकारी भी कलेक्टर को दी गई। उन्होंने दोनों नवाचारों की सराहना की। जिला कलक्टर ने सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और अंतर्विभागीय समन्वय के लिए प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन, अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. कुशल गहलोत, अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन, मीडिया प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंहराठौड़, नर्सिंग अधीक्षक बीना कुमारी वर्मा, अमीन खान, ओम जोशी, जितेन्द्र भटनागर, निर्मला सोलंकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने परिसर में 70-80 निजी एंबुलेंस और वाहनों के अनधिकृत पार्किंग की समस्या से अवगत कराया। यह भी बताया गया कि कुछ निजी वाहन मरीजों को गुमराह कर निजी अस्पतालों की ओर ले जाते हैं, जिससे व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस पर कलक्टर ने व्यवस्था सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नेगडिया, पंचायत समिति देलवाडा, जिला-राजसमन्द ( राजस्थान )**

क्रमांक/पं.ग्रा./निविदा/2025-26/02 दिनांक: 8.4.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत नेगडिया में निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज विभाग 1996 के तहत पंजीकृत संवेदकों से निविदाऐं दिनांक 16.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है। संवेदक प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in से शर्ते एवं पूर्ण विवरण वेबसाईट से प्राप्त कर सकेंगे साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड/कार्यालय में कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

UBN- ZRR2627WSOB000012

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत नेगड़िया | ग्राम पंचायत नेगड़िया |
| पं.स.-देलवाड़ा- जिला राजसमन्द | पं.स.-देलवाड़ा- जिला राजसमन्द |